तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



20 निक्षय निरामय छत्तीसगढ़, 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार ...




18 विषम परिस्थितियों में अस्पताल प्रबंधन





## खबर संक्षेप

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में महाआरती आज

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 1 जनवरी को चंद्रदर्शन महाआरती संध्या 7:30 बजे से होगी। समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने समस्त भक्त जनों से महा आरती में शामिल होने की अपील की है।

### शासकीय महाविद्यालय गुरूर में प्रायोगिक परीक्षा 6 से

**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में सत्र 2024–25 बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत समस्त नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 6 जनवरी से प्रारंभ हो रही है। इसके तहत बीएससी प्रथम सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र 6 जनवरी, रसायन शास्त्र 7 जनवरी, प्राणिशास्त्र 9 जनवरी, भौतिक शास्त्र 10 जनवरी तथा बीए प्रथम सेमेस्टर भूगोल 8 एवं 9 जनवरी को होगी। प्राणिशास्त्र एवं भूगोल का समय प्रातः 8 बजे तथा वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र का समय प्रातः 10 बजे से है। जीई एवं वीएसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा भी निर्धारित तिथि को होगी।

### शिक्षा विभाग ने जारी किया पदोन्नति आदेश

**बालोद।** शिक्षा विभाग ने शिक्षकों का पदोन्नति आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने बताया कि शिक्षक एलबी प्रधानपाठक, एलबी सहायक शिक्षक एलबी से पदोन्नत शिक्षक संवर्ग के शिक्षक से ई व टी संवर्ग के प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग से पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में ईएल.बी. संवर्ग के 368, टीसंवर्ग एलबी के 50, शिक्षक ई संवर्ग से 254 व टी संवर्ग से 45 मिलाकर संभाग से कुल 717 शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिला है। वहीं, जिले के शिक्षक एल बी ई संवर्ग से 35, टी संवर्ग से 01 तथा शिक्षक ई संवर्ग से 23 तथा टी संवर्ग से 18 शिक्षकों को मिलाकर कुल 77 शिक्षकों पदोन्नति मिली है।

### निगम कर्मी समय पर हाजिरी दें: आयुक्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभागीय कार्यो के सुचारू संचालन में कसावट लाने अधिकारियों व कर्मचारियो के लिए आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के कार्यावधि के संबंध में पूर्व जारी आदेश को अधिकृमित करते हुए राज्य के मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा समस्त मैदानी कार्यालयों हेतु कार्य अवधि सुबह 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त पाण्डेय ने आदेश में निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश दिए है।

## घटना : जिले में सालभर की घटनाओं का लेखा-जोखा, ताकि दोबारा न दुहराएं गलतियां

# खट्टी-मीठी यादों के साथ विदा हुआ 2024, नए साल 2025 के स्वागत में जमकर जश्न







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पिछले सालभर की कुछ खट्टी-मीठी यादों के साथ वर्ष 2024 का भी समापन हो गया। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से नए साल 2025 का जमकर जश्न शुरू हुआ, जो बुधवार को भी दिनभर मनेगा। इस नए वर्ष का स्वागत करते हुए लोगों की कई उम्मीदें हैं आशाएं हैं, कुछ नया, कुछ अच्छा करने की सोच है। इन्हें पूरा करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में पूरी निष्ठा, लगन और नई ऊर्जा के साथ सकारात्मक कदम उठाने होंगे। साथ ही यह संकल्प भी लेना होगा, कि जब तक हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेंगे, तब तक न थकेंगे, न रूकेंगे, न हार मानेंगे। अपने प्रयास में यदि सफलता नहीं मिली, तो भी तब तक और प्रयास करते रहेंगे, जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

नए साल की शुरुआत के साथ ही हमें बीते साल की उन घटनाओं को भी ध्यान में रखना होगा, जिनमें हमें बड़ी हानि उठानी पड़ी थी, ताकि हम आगे सावधान रहें और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसे ध्यान में रखते हुए आज बीते साल जिलेभर में हुई ऐसे ही घटनाक्रमों पर नजर डालें। कुछ घटनाएं व हादसे क्षेत्र के लिए जहां सुर्खियों के साथ ही काफी झकझोर देने वाली थीं। इनमें बेरला के बारूद फैक्ट्री का ब्लास्ट जिसमें 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे। इसी तरह माजदा और पिकअप वाहन की भिड़ंत में 10 लोगों की मौत ने दिल दहला दिया था। इसमें से कुछ घटनाएं लापरवाही की वजह से घटीं। खास कर युवा वर्ग नशे में दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाने की वजह से हादसे में अपनी जान गंवा बैठे। इन घटनाओं को हाईलाइट करना मतलब यह कि हम 2025 के इस नए वर्ष में वो लापरवाही न बरतें, जिससे परिवार जनों पर दुखों का सामना करना पड़े।

### देशभर में गूंजा पिरदा ब्लास्ट

पिरदा ब्लास्ट की गूंज पूरे देशभर में रही। 9 की मौत पर अंतिम संस्कार मांस के टुकड़ों का किया गया। जिले के इतिहास में बेरला ब्लॉक के कण्डरका पुलिस चौकी इलाके स्थित बोरसी-पिरदा गाँव में मौजूद बारूद फैक्ट्री में हुए वर्ष के 25 मई की सुबह अज्ञात कारणों हुए विस्फोट में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ओर कई घायल हुए थे। हादसा इतना भयंकर था कि इसमें सिर्फ 01 की मौत की पुष्टि ही हो पाई थी, वहीं 08 स्थानीय मजदूरों की पहचान ही नहीं हो पाई, सिर्फ मलबे से मास के टुकड़े बिखरे हुए मिले जिसे परिवारजनों ने मृतक मानकर टुकड़ों का प्रतिकात्मक अंतिम संस्कार किया। मृतक परिवार को राज्य सरकार ने 05 लाख एवं ब्लास्ट कम्पनी द्वारा 35 लाख रुपये मुआवजा दिया गया। इस हादसे से क्षेत्र के रहवासी काफी सहम गए थे। वहीं घटनास्थल पर सुरक्षात्मक नजरिये से काफी दिनों तक एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें भी गाँव में तैनात रहीं।



### चर्चित रही एसीबी की कारवाई, रिश्वत लेते धरे गए थे साजा एसडीएम

एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम ने बीते 14 नवम्बर साजा एसडीएम टीआर माहेश्वरी सहित उनके होमगार्ड को रंगे हाथों कार्यालय से ही पकड़ा। दरअसल जमीन डायवर्शन के लिए पीड़ति किसान से एसडीएम ने 10 हज़ार घूस की मांग की थी। इसी बीच एसीबी ने जाल बिछाकर गिरफ्तारी की। इस रेड कार्यवाही इस सबसे चर्चित वाली बात यह रही कि एसीबी की कारवाई की खुशी में लोगों ने उनके कार्यालय के बाहर फटाखा फोड़कर जश्न मनाया।




### पथर्रा में हुई दुर्घटना में 10 की मौत से पथरा गई आंखें

नेशनल हाईवे पर पिकअप-माजदा की भिड़न्त में पथर्रा गाँव के 10 लोगों की मौत ने दिल दहला दिया जिला मुख्यालय से 14 किमी की दूरी पर स्थित नेशनल हाइवे से लगे कठिया गाँव में 28 अप्रैल 2024 की रात भीषण सड़क हादसा हुआ था। दुर्घटना में पथर्रा गाँव के 10 लोगों की मौके पर मौत हो गयी वही 23 ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। यह घटना कठिया गाँव के नेशनल हाइवे की सड़क पर खड़ी टाटा 407 माजदा से पिकअप वाहन से तेज रफ्तार से टक्कर के कारण यह दिल दहला देने वाली घटना हुई थी। पिकअप में करीब 40 लोग देर रात तिवरैया गाँव से निजी कार्यक्रम से होकर घर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक दुर्घटना घट गयी। इस हादसे पर सीएम विष्णु देव साय ने दुख प्रकट किया था।

### सालभर में 366 दुर्घटनाएं, 200 से ज्यादा की मौत, 390 घायल

जिले में साल भर में सड़क दुर्घटनाओं के 366 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें 200 से अधिक की मौतें हुई, वहीं 390 घायल हुए। जिले में 2024 वर्ष में यातायात विभाग के बताए आंकड़ों पर गौर करें, तो साल भर में 201 व्यक्ति सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा चुके हैं, जिसमें युवाओं की तादात ज्यादा है। वहीं, 390 लोग इस सड़क हादसे में घायल हुए, जिनमें कई लोग अपाहिज हो चुके हैं। पुलिस प्रशासन ने बताया कि बीते 2024 में जिले के थाना चौकियों पर 366 प्रकरण सड़क दुर्घटना दर्ज की गई। बहरहाल शासन प्रशासन सड़क दुर्घटनाऑ से बचने जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करते रहती है, खासकर के नशे के खिलाफ ।

### विधायक पुत्र व आदिवासी युवक के बीच मारपीट का मामला

साल के 13 अक्टूबर विजय दशमी पर्व की रात साजा ब्लॉक के ग्राम चेचानमेटा गाँव में भाजपा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू और आदिवासी युवक मनीष मंडावी के बीच वाद-विवाद एवं मारपीट की घटना ने राजनीति में गर्माहट पैदा हो गई थी। गहमागहमी व घमासान आंदोलन की चेतावनी पश्चात विधायक पुत्र कृष्णा साहू व साथी के खिलाफ साजा थाने में एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई। फिर बाद में काउन्टर केस के रूप में आदिवासी युवक मनीष मंडावी व अन्य साथी के विरुद्ध भी विधायक पुत्र ने एफआईआर लिखाई। जिले भर में यह मामला तुल पकड़ लिया था।

### सीएमओ व एएसआई, ट्रैफिक जवान की मौत, डिप्टी सीएम ने भांजे को खोया

बीते माह दिसम्बर में ही जहाँ थानखम्हरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीआर चौहान की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी वही उसके पूर्व 16 नवम्बर को बिरनपुर चौकी में तैनात एएसआई ऑफिसर जयराम गंगवार की भी हृदयाघात होने से मौत हो गयी। इसके साथ ही नेशनल हाईवे पर 32 वर्षीय यातायात जवान की ड्यूटी पर ही अटैक से मौत हो गई। इसके अलावा साल के मध्य में डिप्टी सीएम अरुण साव के बेमेतरा निवासी भांजे 20 वर्षीय तुसार साहू की कबीरधाम ज़लि के जलप्रपात के भंवर में डूबने से मौत हो गई। इस तरह बीता साल बहुत से लोगों की असामयिक मौत के कारण उनके परिजनों व चाहने वालों के लिए दुखदायी रहा।



# मानस प्रेमी परिवार संगठन की जिला अध्यक्ष बनीं सुषमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन का जिला पदाधिकारी का गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मंजू गोस्वामी रायपुर विशेष रूप से मौजूद रही। गांधी भवन बेसिक स्कूल ग्राउंड मैदान में उक्त बैठक हुई।

पूर्व अध्यक्ष श्री अभ्भन सेन ने अपने 3 वर्ष की उपलब्धि को विस्तार से बताया तथा संगठन में हुई गतिविधियां की जानकारी दिया उसके बाद उपस्थित सभी जिला भर से आए कलाकार ने सर्वसम्मति से सुषमा साहू अध्यक्ष चुनी हुई श्रीमती साहू ने अपने संपूर् कार्यकारिणी का विधिवत विस्तार किया किया गया जिसमें जिला संरक्षक शत्रुघ्न साहू ,अभ्भंन सेन, महासचिव मनोज शर्मा , कोषाध्यक्ष उषा साहु , नरसिंह गोस्वामी ढोलिया नारायण निषाद कटई नवागढ़ ,ईश्वर सिन्हा नवागांव सोढ, धनसिंह निषाद बेरला, किरण दुबे चारभाटा ,भुवनेश्वरी विश्वकर्मा खाती, संगठन सचिव गोविंद जायसवाल बेमेतरा, प्रचार सचिव घनश्याम ठाकुर तेंदू भाटा, मीडिया प्रभारी संजू जैन देवरबीजा अंकेक्षक हीराराम शाहू, प्रवक्ता ओमप्रकाश ठाकुर छेलियापुर छिरहा ,सलाहकार राम कुमार टंडन शिक्षक, ईश्वर साहू ठेलका महेंद्र चौहान नयापारा तेंदुआ व कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम साहू कंदई हनुमान प्रसाद तिवारी संबलपुर राम कुमार ताम्रकार बेरला दिलीप टिकरिया पिरदा भिभौरी डॉक्टर खेमराम साहू चंदनू श्रवण साहू खाती नारायण पटेल चुहका विश्वनाथ साहू खाती बल्लू साहू पतोरा सेवक राम साहू करूवाजनेवा रामकुमार साहू जेवरा एन चंदू साहू चमारी रमुव चक्रधारी श्रवण साहू बरगा थान खम्हिरिया तथा बेमेतरा जिला में 14 मंडल अध्यक्ष भी बनाए गए हैं वही मंडल अध्यक्ष कौशल सिंन्हा नरी, दाढ़ी अध्यक्ष हेमूराम चंद्राकर, नवागढ़ भागवत निर्मलकर, मारो शिवनंदन राजपूत ,प्रमोद साहू राका मंडल, पूनाराम पाठक सरदा, रघुवीर साहू बेरला, भाटा सोरी यशराज साहू सत्यभामा पर्धनिया सिलघाट बेरला परपोडी महेंद्र साहू भटगांव देवकर अनिल गुप्ता नवकैसा देवकर कुमारी दामिनी मरकाम माटरा देवरबीजा आत्माराम पटेल तेंदू भाटा बनाए गए हैं तथा मंडल थान खम्हिरिया कौशाल दास वैष्णव हाडाहुडी ।कार्यक्रम के सफल बनाने ललित विश्वकर्मा ताराचंद रोशन दत्ता सभी को नियुक्त पत्र दिए संचालन मनोज शर्मा ने किया

# किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनता के कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने नए साल से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालयीन समय का कड़ाई से पालन करने और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनता के कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए।

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सभी विभागों को समय पर ▶▶| शेष पेज 18 पर

### धान खरीदी और महतारी सदन योजना की प्रगति की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी और उसके उठाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को धान के परिवहन में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, महतारी सदन योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इस योजना से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनके सशक्तिकरण में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने सुकन्या योजना के तहत अब तक खोले गए खातों की समीक्षा की और इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग से उल्लास कार्यक्रम की प्रगति और स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों की जानकारी ली।

## कबीर पंथ के मेले का हुआ शुभारंभ

# गुरु भानु प्रताप व उदित मुनि नाम साहेब लोलेसरा पहुंचे, स्वागत में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम लोलेसरा मैदान में कबीर पंथ के 12वीं वंश गुरु पंत श्री उग्र नाम साहेब की स्मृति में 31 दिसंबर से चार दिवसीय संत समागम मेले का आयोजन हो रहा है।

संत समागम मेले शामिल होने पहुंचे गुरु गोसाई भानु प्रताप साहेब व उदित मुनि नाम साहेब का जिला मुख्यालय से लेकर मेले स्थल तक श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर साहिब बंदगी कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या कबीर पंथियों की मौजूदगी रही। मंगलवार शाम चार बजे दामाखेड़ा से पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब का नगर में आगमन हुआ, जिसके आगे भारी संख्या में बाइक रैली में युवा टोली रही कबीर पंथ के गुरु रथनुमा खुले वाहन में सवार हुए और 12वीं वंश गुरु पंत श्री उग्र नाम साहेब की चित्र के पूजा कर माला अर्पित किया गया उसके बाद शोभा यात्रा प्रारंभ हुआ शहर में साहेब का नगर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा करके आरती की और आशीर्वाद लिया।








### संत समागम कार्यक्रम की रूपरेखा

संत समागम मेला स्थल पर सुबह 8 बजे से गुरु महिमा पाठ एवं भजन सत्संग का आयोजन होगा। दोपहर से अमीन माता महिला मंडल का विशेष सत्र एवं शाम को पंथ श्री का प्रवचन होगा। दूसरे दिन गुरु महिमा पाठ एवं भजन कीर्तन तथा प्रवचन का कार्यक्रम होगा। तीसरे दिन को गुरु महिमा पाठ एवं सत्संग भजन कीर्तन और अंतिम दिन दोपहर को सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती होगी।

### कलाकारों ने दी प्रस्तुति

नगर में पूर्व विधायक कार्यालय के पास से यात्रा प्रारंभ हुई, जिसके सबसे आगे डीजे की धुन पर श्रद्धालु भजन करते चल रहे थे। महिलाओं की सुआ नृत्य मंडली व पारंपरिक परिधान में विभिन्न स्थानों से आए मंडली द्वारा भजन किया जा रहा था, जबकि कलाकारों ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, गड़वा बाजा की धुन पर कलाकारों ने राउत नाचा की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त करमा नृत्य मंडली ने भी अपना कार्यक्रम पारंपरिक वेशभूषा के साथ प्रस्तुत किया। शोभा यात्रा में भारी संख्या महिलाएं कलश यात्रा के दोनों तरफ एक ही परिधान में सज धज कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। शोभा यात्रा में केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं भाजपा के नेता योगेश तिवारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# महाराष्ट्र की अरहर दाल की यहां कमी, रेट टूटने के डर से कारोबारी मंगा रहे कम स्टॉक

## छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र से आती है ज्यादा दाल, नई फसल के कारण दाम 20 रुपए गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में इस समय अरहर दाल का टोटा हो गया है। इसके पीछे कारण यह है कि अपने राज्य में अरहर दाल महाराष्ट्र और कर्नाटक से आती है। सबसे ज्यादा दाल महाराष्ट्र से मंगाई जाती है। वहां दाल की नई फसल आने के कारण इसका यहां पर रेट 20 रुपए टूट गया है। ऐसे में अभी थोक दाल बेचने वाले कारोबारी कम माल खरीद रहे हैं, इसलिए दाल मिल कारोबारी भी स्टॉक कम मंगा रहे हैं। 15 जनवरी के बाद रेट का पता चलेगा, तब जाकर आवक में इजाफा होगा। इसके बाद ही बाजार में भरपूर स्टॉक आएगा। प्रदेश में सबसे ज्यादा अरहर की दाल ही बिकती है। इसका उपयोग अमूमन हर घर में होता है। साथ ही इसका उपयोग सभी रेस्टोरेंट, ढाबों भी किया जाता है। अपने राज्य में बड़ी संख्या में दाल मिलें हैं। दाल मिल कारोबारी ज्यादातर महाराष्ट्र से अरहर दाल का कच्चा माल मंगाते हैं और यहां पर दाल अलग-अलग प्रकार की तैयार कर बेची जाती है। दाल को पॉलिश कर भी बेचा जाता है, लेकिन आमतौर बिना पॉलिश वाली दाल की ज्यादा डिमांड नहीं रहती। बड़े दाने वाली दाल की डिमांड ज्यादा होती है। और यह दाल महाराष्ट्र से आती है। छोटे दाने वाली दाल को कम पसंद किया जाता है, हालांकि इसका रेट कम रहता है, लेकिन इसको पकाने में परेशानी होती है, इसलिए ग्राहक इससे परहेज करते हैं। इस दाल का उपयोग गरीब तबका ज्यादा करता है।



### नई फसल से परेशानी

बाजार में इस समय अरहर दाल की नई फसल आने के कारण परेशानी हो रही है। कारोबारियों के मुताबिक, इस समय कर्नाटक से ज्यादा माल आ रहा है। महाराष्ट्र से नई फसल वाली दाल आ रही है, लेकिन इसका रेट पहले से कम-ज्यादा हो रहा है। दाल का रेट रायपुर में 20 रुपए कम हो गया है। यह पहले थोक में 170 रुपए बिक रही थी, लेकिन इस समय 150 रुपए में बिक रही है। रेट लगातार कम-ज्यादा होने के कारण कारोबारी ज्यादा स्टॉक मंगाने से परहेज कर रहे हैं। अगर ज्यादा स्टॉक मंगा लिया और रेट टूट गया तो बड़ा नुकसान हो सकता है। दाल मिल कारोबारी भी बाजार में कम डिमांड को देखकर कच्चा माल भी कम ही मंगा रहे हैं।


### 15 जनवरी के बाद स्थिति होगी सामान्य

महाराष्ट्र में दाल की नई फसल के कारण लगातार रेट टूटने का खतरा है, इसलिए कारोबारी कम माल मंगा रहे हैं। इस वजह से बाजार में दाल की कमी है, 15 जनवरी के बाद रेट का सही अंदाज होने पर आवक बढ़ेगी तो स्थिति सामान्य हो जाएगी। दाम इस बार कम होने की संभावना ज्यादा है।

**- गोविंद माहेश्वरी**
थोक दाल कारोबारी

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी



**रायपुर।** प्रदेश में 15 जनवरी के बाद कभी भी नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन ने भी इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। संगठन ने पहले ही नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी और पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह को नियुक्त किया है। अब नगरीय निकाय चुनाव के लिए सबसे पहले जिला प्रभारी, नगर निगमों और नगर पालिकाओं के प्रभारी तय करने की कवायद चल रही है। नए साल में कभी भी इसका ऐलान कर दिया जाएगा। इसके बाद पंचायत चुनाव को लेकर प्रभारी तय किए जाएंगे। इनके माध्यम से ही चयन प्रक्रिया होगी। प्रदेश में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में विलंब हो गया है। दिसंबर में ये चुनाव होने थे, लेकिन नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की कवायद के चलते इसमें देर हो गई है। अब तक आचार संहिता नहीं लग सकी है।

### सिविक सेंटर भिलाई में चैंबर का व्यापार मेला 16 से

**रायपुर।** चैंबर की भिलाई इकाई द्वारा सिविक सेंटर भिलाई के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में व्यापार मेला व व्यापार महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी से किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर व्यापार मेला 16 से 19 जनवरी तक रॉयल क्रिस्टल गार्डन भिलाई क्लब के पास सिविक सेंटर भिलाई में होगा।

## पार्षद माया ठाकुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा को 2 नग शव फ्रीजर प्रदान किया

# विषम परिस्थितियों में अस्पताल प्रबंधन नि:शुल्क उपलब्ध कराएगा शव फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर ने पार्षद निधि से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा को 02 नग शव संरक्षण बॉक्स (शव फ्रीजर) प्रदान किया है। अब किसी भी शव को संरक्षित कर रखने में परेशानी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि स्थानीय सामुदायिक केंद्र में शव फ्रीजर की सुविधा नहीं थी, जिसके कारण अस्पताल में शव को सुरक्षित रखने में असुविधा होती थी, जिससे अस्पताल में आए मरीजों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

बीएमओ डॉ. व्हीके चोरका ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 02 नग शव फ्रीजर प्रदान करने पर पार्षद माया जयेश ठाकुर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति अस्पताल प्रबंधन के तरफ से आभार व्यक्त करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से इसी तरह अस्पताल प्रबंधन को सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि पार्षद माया जयेश ठाकुर ने अपने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पार्षद निधि से 02 नग शव फ्रीजर अस्पताल प्रबंधन को प्रदान किया है, जो सराहनीय कार्य है।




### बीएमओ को सौंपा गया फ्रीजर

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित सादे कार्यक्रम में पार्षद माया जयेश ठाकुर द्वारा 02 नग शव फ्रीजर को बीएमओ व्हीके चोरका को सौंपा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, भाजपा नेता कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, एकलव्य महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जसराज शर्मा, भाजपा नेता निखिल शर्मा, पार्षद सुभद्रा टांडेकर, पार्षद रहिमत कोसमा, पार्षद दशोदा भुआर्य, पार्षद सोहद्रा देवांगन,भाजपा नेत्री आरती संचेती सहित अस्पताल प्रबंधन के बीएमओ डॉ. वीके चोरका, डॉ. राहुल देवांगन मेडिकल ऑफिसर, मुकेश राणा फार्मसिस्ट, लक्ष्मी निषाद, मीरा गोयल स्टाफ नर्स, दिलीप उइके, खेमराज साहू लैब टेक., सुरेंद्र, रोशनी ठाकुर, लोकेश कुमार, सुभोतिन, शिशुपाल देहारी, किशोर कुमार तथा संदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्थानीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क दिया जाएगा फ्रीजर

इस अवसर पर पार्षद माया जयेश ठाकुर ने कहा कि जब भी किसी परिवार में कोई स्वर्गवास होता था और परिजनों के इंतजार में शव को संरक्षित करने के लिए दूसरे शहरों से शव फ्रीजर मंगाना पड़ता था, जो एक तकलीफदायक कार्य होता था। विशेषकर गरीब परिवारों में इस तरह की स्थिति आने पर भारी परेशानी तथा आर्थिक परेशानी भी देखने में आती रही है। इसी परिस्थियों को देखकर मेरे द्वारा सामाजिक दायित्वों के तहत एक छोटा सा प्रयास कर 02 नग शव फ्रीजर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदान किया गया है। अब नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी घर में शव को संरक्षित रखने के लिए राशि खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी परिवारों को निशुल्क रूप में शव फ्रीजर स्थानीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# तहसील में पहले से 'तारीख पे तारीख' चल रही और अब पटवारियों की हड़ताल ने बेहाल किया

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिलों के कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों, न्यायालयों में लंबित राजस्व के प्रकरणों में सुनवाई कछुआ गति से हो रही है। इस



कारण प्रदेशभर में कलेक्टोरेट एवं तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या भी डेढ़ लाख से अधिक पहुंच गई है। यही कारण है कि लंबित प्रकरणों में पक्षकारों को भी पेशी के लिए तारीख पे तारीख दी जा रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश में कलेक्टोरेट-तहसील न्यायालयों में 10 हजार 200 प्रकरणों पर पेशी की तारीख दी गई थी, इनमें से 3659 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई। इस तरह 6541 प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पाई, जिसके कारण इन प्रकरणों की पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इस तरह 35 प्रतिशत प्रकरणों में ही सुनवाई हो पाई। ये आंकड़े बताते हैं कि कलेक्टोरेट और तहसील न्यायालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई किस गति से की जा रही है।

### पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार का भी असर

प्रदेशभर के पटवारी अपनी मांगों को लेकर इन दिनों ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए हुए हैं। इसके तहत पटवारी अब डिजिटल साइन भी नहीं कर रहे हैं, वहीं कई प्रकरणों में पटवारियों का ऑनलाइन प्रतिवेदन भी आनी बाकी है। इस कारण राजस्व संबंधी प्रकरणों पर सुनवाई करने में तहसीलदार भी टालमटोल कर रहे हैं और पेशी की तारीख आगे बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं। इसके अलावा भी पेशी की तारीख आगे बढ़ाए जाने के कई कारण हैं। इनमें कभी दोनों पक्षकारों के नहीं पहुंचने, कभी किसी प्रकरण में एक पक्षकार द्वारा पेशी की तारीख आगे बढ़ाए जाने की मांग पर, कभी तहसीलदार के अवकाश में रहने या प्रोटोकॉल सहित अन्य काम की व्यस्तता के कारण पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।

### पेशी की तारीख बढ़ाने में रायपुर अव्वल

पेशी की तारीख आगे बढ़ाने में प्रदेश में सबसे आगे रायपुर जिला है। दूसरे नंबर पर दुर्ग व तीसरे नंबर पर सरगुजा है। रायपुर जिले के कलेक्टोरेट और तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के आंकड़े बताते हैं कि यहां पेशी की तारीख सबसे ज्यादा बढ़ाई जाती है। जिले में कलेक्टोरेट एवं तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या 9 हजार के करीब है। इनमें से करीब 8 हजार प्रकरण तहसील न्यायालयों में लंबित हैं, वहीं शेष कलेक्टोरेट के राजस्व अधिकारियों के न्यायालय में लंबित हैं।

# नगर की लाडली राखी चली संयम पथ की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की लाडली बिटिया राखी सांखला संयम पथ की ओर अग्रसर हो चली है। इसके लिए परिजनों ने जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के श्री चरणों में राजस्थान के मेड़तासिटी में अनुज्ञा पत्र सौंपा। अनुज्ञा पत्र सौंपने के बाद मूमुक्षु बहन राखी सांखला का 30 दिसंबर सोमवार को प्रथम नगर आगमन हुआ। नगर सहित आसपास के लोगों ने मूमुक्षु बहन का भव्य व आत्मिक स्वागत व अभिनंदन किया। जैसे ही राखी बहन का नगर आगमन हुआ उपस्थित जन समुदाय ने आध्यात्मिक नारों से नगर को अध्यात्म रस से भर दिया व संयम जीवन सार है व राम गुरु विराट है, दीक्षाओं का ठाठ है, आदि विभिन्न धार्मिक नारों से मूमुक्षु बहन को भाव विभोर कर दिया। नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित महाकाली मंदिर के सामने से खुले कार पर सवार करते हुए मूमुक्षु बहन की अभिनन्दन यात्रा निकाली गई। मुख्य मार्ग होते हुए विवेकानंद चौक सदर मार्ग स्थित निवास तक अभिनंदन यात्रा चली। जहां पर मार्ग के दोनों ओर उपस्थित जन समुदाय का मूमुक्षु बहन दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन कर रही थीं व जन समुदाय का आभार भी व्यक्त कर रही थीं। इस दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा अपने अपने घरों के सामने मूमुक्षु बहन को हार धार्मिक पटका व कुमकुम चांवल का तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन कर रहे थे।इस दौरान पारिवारिक जनों सहित उपस्थित जन समुदाय की आंखें नम भी थी कि अब कुछ दिनों के बाद मूमुक्षु बहन नगर से चली जाएंगी व अपने धर्म गुरु भगवन की आज्ञा में साध्वी वृन्दों के साथ अपनी संयम यात्रा शुरू करेंगी।

■ सोमवार को प्रथम नगर आगमन पर नागरिकों ने किया अभिनंदन



### 7 फरवरी को लेंगी दीक्षा

उल्लेखनीय है कि नगर के सुश्रावक हस्तीमल व सुश्राविक मगन बाई सांखला की पोती ने संसार की असारता को समझते हुए आत्मकल्याण निज पर कल्याण की भावना से संयम जीवन अंगीकार करने का फैसला लिया था। पारिवारिक जनों की अनुज्ञा से धर्मगुरु आचार्य श्रीरामलाल जी मसा के सानिध्य में व उन्ही के मुखारविंद से 7 फरवरी को राजस्थान के नोखा मंडी में संयम जीवन अंगीकार कर दीक्षा ग्रहण करेंगी। मूमुक्षु बहन ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह मानव जीवन सिर्फ और सिर्फ आत्मकल्याण के लिए ही मिला है। उन्होंने समस्त आत्मिक बन्धुओं से जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना करते हुए दीक्षा दिवस में उपस्थित होकर आशीर्वाद देने का निवेदन किया व उपस्थित जनों से धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा दी।

### राज्यपाल डेका से मिले वनमंत्री केदार कश्यप

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने सौजन्य भेंट कर विभागीय कार्यों से अवगत कराया।

## राज्य सहकारी संघ की आमसभा, सहकारिता को मजबूती देने अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ की 19वीं वार्षिक आमसभा सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस में सोमवार को हुई। राज्य संघ द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय पत्रक, वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट और प्रस्तुत कार्ययोजना की कार्यावली को सर्वसम्मति से आमसभा में स्वीकृति दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा विवरणी, अंकेक्षित ऑडिट रिपोर्ट को भी आमसभा में अनुमोदित किया गया। इस मौके पर अपर आयुक्त सहकारिता एचके दोशी ने कहा कि संघ ने अपने उद्देश्य के अनुरूप शिक्षा-प्रशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। हजारों लोगों ने समय-समय पर विभिन्न विषयों में शार्ट टर्म प्रशिक्षण का लाभ लिया है। 16 सप्ताह का डिप्लोमा इन को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट ऑनलाइन कोर्स भी संघ द्वारा चलाया गया। विगत वर्ष शार्ट टर्म और डिप्लोमा कोर्स से कुल 4760 लोग लाभान्वित हुए।

## पेज 17 के शेष

### किसी भी प्रकार की ....

कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भव्य झांकियां निकाली जाएंगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी सरकारी कार्यालयों को गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले रोशनी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा के प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।






## प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र सौंपकर जताया विरोध

# कुकरेजा परिवार की कांग्रेस में वापसी का जुनेजा ने किया विरोध, कहा- पैसों का दिखा रहे दंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बागियों की वापसी को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी के अंदर नेताओं के बीच बागियों की वापसी को लेकर अंतर्कलह की स्थिति दिख रही है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने आनंद कुकरेजा और अजीत कुकरेजा को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने खुलकर विरोध करते हुए, कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र भी सौंपा है। श्री जुनेजा के इस पत्र ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

पूर्व विधायक जुनेजा ने कुकरेजा परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाया है कि कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो पैसे के दम पर पार्टी को खरीदने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही कुछ लोगों में कुकरेजा परिवार है। कुकरेजा परिवार ने न सिर्फ मुझे हर बार चुनाव में नुकसान पहुंचाया, बल्कि पार्टी के साथ भी दगा करता रहा है। 2013 विधानसभा में चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को भड़काने, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हराने का काम किया। 2018 में भी यही कोशिश की गई थी, पर कार्यकर्ताओं की ईमानदारी से मैं जीत गया। 2023 के चुनाव में पार्टी से बगावत कर अजीत कुकरेजा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और मुझे (कांग्रेस पार्टी को) हार का सामना करना पड़ा। पार्टी को हर स्तर पर नुकसान पहुंचाने का काम कुकरेजा परिवार ने किया है।



### पार्टी विरोधी परिवार को वापस न लें

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने बैज से यह निवेदन भी किया कि पार्टी विरोधी परिवार को पार्टी में वापस न लिया जाए, क्योंकि पैसे के दंभ में यह परिवार पार्टी में फिर से प्रवेश करने में जुटा है। उम्मीद है, मेरे इस पत्र पर विचार कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे।


Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


साजा विधानसभा के
लाडले विधायक
मान. ईश्वर साहू जी के
1 जनवरी जन्मदिन पर
बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं....
बुलाक साहू
मंडल अध्यक्ष
साजा
केशव पटेल
मंडल अध्यक्ष
थानखम्हरिया
मान. ईश्वर साहू
विधायक
साजा विधानसभा


मजदूर पुत्र बड़े भैय्या एवं
साजा विधानसभा के लाडले विधायक
मान. ईश्वर साहू जी के
जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं....
ईश्वर साहू
विधायक
साजा विधानसभा
सुरेश साहू
जनपद सदस्य साजा
गैंद राम साहू
जिलाध्यक्ष, साहू संघ बेमेतरा
गंगाराम साहू
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा ओबीसी
मोर्चा बेमेतरा
विनित:- गंगाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष एवं साजा विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते हुई युवक की हत्या


**भिलाई।** त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के मामले में युवक की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि कसारीडीह पुलिस लाइन निवासी चेतन साहू 26 वर्ष नामक युवक का प्रेम प्रसंग घर के पास रहने वाली युवती के साथ चलता था। युवक व युवती की माताएं पुलिस विभाग में पदस्थ है। घटना के कुछ दिन पूर्व युवती के मां का ट्रांसफर सरगुजा हो गया। युवती भी उसके साथ सरगुजा चली गई, जहां सरगुजा निवासी युवक लुकेश साहू के प्रति युवती आकर्षित हो गई। इस दौरान चेतन भी लगातार युवती को फोन करता था जिससे वह परेशान हो गई थी। 24 दिसंबर को युवती अपनी मां के साथ दुर्ग आई थी। इसकी जानकारी जब चेतन को हुई तो युवती से मिलने के लिए उससे कहा। युवती ने मिलने से इंकार कर दिया। चेतन की बात युवती ने अपने सरगुजा वाले प्रेमी लुकेश साहू को बताई। लुकेश ने युवती को ग्राउंड में चेतन को मिलने बुलाने की बात कही थी। लुकेश के बताए प्लान पर युवती ने चेतन को सिविल लाइन क्षेत्र में घर के पास बुलाया गया। फिर विवाद के हत्या युवकों ने मिलकर चेतन को रास्ते से हटा दिया। थाना प्रभारी केशव राम कोसले ने बताया कि युवक की हत्या मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### हाइवा की ठोकर से वृद्ध की मौत, मामला दर्ज

**भिलाई।** सड़क पर चल रहे वृद्ध को हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। घटना में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। नंदिनी पुलिस ने बताया कि रविवार की रात तेज रफ्तार से आ रही ग्राम नंदकठठी में हाइवा सीजी 07 एवाय 7710 ने मदन लाल निषाद को चपेट में लिया। घटना में वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और वाहन मालिक को लोग बुलाने की मांग कर रहे थे। काफी समझाइश के बाद लोगों की भीड़ सड़क से हटी। वृद्ध के शव को पीएम क लिए भेजा गया। उसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।


## निधन

### इंदल सिंह भंडारी



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पीड़ियाल निवासी इंदल सिंह भंडारी का निधन हो गया। वे कांग्रेसी नेता व पूर्व जनपद अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भंडारी के छोटे भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में परिवारजन व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गरीबदास साहू



**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गरीबदास साहू उम्र 87 वर्ष का 31 दिसंबर को निधन हो गया। वे पोषण साहू शिक्षक व छन्नू साहू के पिता तथा मयंक, टिकेंद्र और रजत के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी को सुबह 11 बजे गृहग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

केंद्र में समस्याओं की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को दिए समाधान करने के निर्देश

# कुसुमकसा पहुंचे कोर्ट कमिश्नर तिवारी आंगनबाड़ी में व्यवस्था का लिया जायजा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार एवं मूलभूत सुविधाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त कोर्ट कमिश्नर अमिय कांत तिवारी ने 31 दिसंबर मंगलवार को बालोद जिला के आदिवासी विकासखंड डोंडी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 कुसुमकसा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल के लिए पानी, भवन में बिजली की व्यवस्था के तहत लाइट एवं पंखा की स्थिति, बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों ने कमिश्नर के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने पर गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। आंगनबाड़ी केंद्र में 15 बच्चे उपस्थित थे।

अमिय कांत तिवारी कोर्ट कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन, बच्चों की बैठक व्यवस्था, किचन कक्ष, किचन गार्डन, भवन के अंदर लाइट-पंखे की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल की व्यवस्था की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत की नलजल योजना के तहत सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी से पानी लाने की जानकारी दी। इस पर कमिश्नर ने आंगनबाड़ी भवन में बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए पानी की समुचित व्यवस्था जल्द करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने केंद्र के प्रांगण में फ्लोरिंग नहीं होने से बच्चों को होने वाली परेशानी से अवगत कराया। श्री तिवारी ने जल्द पाइप लाइन बिछाकर कर पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

### नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

अमिय कांत तिवारी कोर्ट कमिश्नर ने हरिभूमि को बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के संचालन ,रखरखाव, किचन गार्डन की व्यवस्था दुरुस्त होने की बात कहते हुए भवन में पेयजल पानी की व्यवस्था,शौचालय में पानी हेतु पाइप लाइन की व्यवस्था जल्द कराने के निर्देश अधिकारियों दिए गए हैं। आदिवासी विकासखंड डोंडी में अनेक आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने से किराए के मकान में वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होने के संबंध में कोर्ट कमिश्नर को अवगत कराया गया। जिला अधिकारी ने बताया कि नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है जल्द ही समस्या से निजात मिलने की बात कही। इस दौरान डॉ किशन टंडन क्रांति जिला कार्यक्रम अधिकारी, धीरेंद्र प्रताप सिंह जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बालोद, दीपक चंद्राकर नायब तहसीलदार दल्लीराजहरा, जागेश्वर सोरी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास डोंडी क्रमांक 01, सोमनाथ राजपूत परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास डोंडी क्रमांक 02, एस तिवारी सेक्टर सुपरवाइजर, सीमा पिस्दा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, परमेश्वरी चुरेंद्र आंगनबाड़ी सहायिका उपस्थित थे।

# प्राचार्य ने अपनी सेवानिवृत्ति पर दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा के प्राचार्य राधे श्याम मरकाम ने अपनी सेवानिवृत्ति पर शाला में अध्ययनरत 750 बच्चों एवं स्टाफ़ के लिए संपूर्ण नेवता भोजन का आयोजन किया। इसके तहत खीर पूड़ी, चावल, दाल, अचार पापड़ एवं फल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबधन एवं विकास समिति के विधायक प्रतिनिधि संतोष यादव थे। श्री यादव प्राचार्य श्री मरकाम को श्रीफल, शॉल एवं डायरी तथा कलम भेंटकर सम्मानित किया। उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में श्री मानकर तहसीलदार साजा, अग्रवाल मेडम नायब तहसीलदार साजा, बीडी बघेल, बीआरसी साजा, नारद देवांगन, सनत साहू एवं समस्त स्टाफ़ उपस्थित थे।

# खंडसरा ने जीती प्रीमियर लीग टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता



**दाढ़ी।** क्रिकेट प्रीमियर लीग टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम दाढ़ी बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरज साहू थे। प्रथम पुरस्कार समिति द्वारा 21000 रूपए व ट्राफी, दूसरा इनाम सूरज साहू युवा किसान मजदूर साथी द्वारा 11000 रूपए व ट्राफी दिया गया। प्रथम पुरस्कार खंडसरा की टीम व दूसरा इनाम दाढ़ी टीम को प्राप्त हुआ। इस दौरान समिति द्वारा विभिन्न खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन प्रजापति, महेन्द्र चौहान आयोजक व सहयोगी अश्विनी साहू, निराज साहू, नीलू यादव, दिनेश निर्मलकर, दिनेश साहू, धर्मेंद्र चौहान, छोटे पटेल, मुकेश साहू, भोकेस साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़, 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- टीबी व कुष्ठ उन्मूलन के लिए बच्चों व शिक्षकों को दिलाई गई शपथ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तहत छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टी बी, कुष्ठ खोज, वयोवृद्ध देखभाल अभियान अंतर्गत कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश अनुसार सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड एवं बीएमओ बेरला डॉ जितेंद्र कुंजम के मार्गदर्शन में बेरला ब्लॉक में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बेरला में पदस्थ ब्लॉक वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक दिनेश गंगबेर व




मितानिन ,स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व माध्यमिक स्कूल के बारगांव बेरला के स्कूली बच्चों शिक्षक को भी टीबी, कुष्ठ उन्मूलन में भागीदारी निभाते हुए लोगों को जागरूक करने शपथ दिलाई गई। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारगाव के ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन, शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अभियान में शंकास्पद टीबी मरीजों की पहचान व उपचार करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत चेटुआ (बेरला) में भी घर-घर सर्वे किया जा रहा है। साथ ही वयोवृद्ध देखभाल के लिए सर्वे, कोमॉरबिलिटीस की पहचान व उपचार किया जा रहा है। उक्त सर्वे में आनंद गांव सेक्टर के अंतर्गत एक टीबी मरीज चाइल्ड पेशेंट की पहचान की गई। अभियान के तहत सर्वे में विभिन्न माध्यमों द्वारा आमजन को जागरूक किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा भारत को 2030 तक साथ ही छत्तीसगढ़ को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# भाजपा जो कहती है, वह करती है : यशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विकासकार्यों की स्वीकृति मिलने पर वार्डवासियों ने जताया आभार



राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं आमापारा के वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 में विभिन्न विकास कार्यों की राज्य शासन से स्वीकृति मिलने पर वार्डवासियों ने बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं राकेश यादव, पार्षद कमलेश सोनी, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, वरिष्ठ नेता पालक ठाकुर, रविप्रकाश पांडेय, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए यशवंत जैन ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव सरकार जनहित में कार्य करने संकल्पित है भाजपा जो कहती है, वह करती है। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि लगातार दे रही है, राज्य के अंतिम छोर तक विकास की गाथा लिखी जा रही है। आने वाले समय में विकास के कई सोपान और तय किये जायेंगे।

राकेश यादव ने बताया कि बालोद नगर पालिका में राज्य शासन से 3 करोड़ रुपये विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिला है, जिसमे आमापारा में शीतला मंदिर प्रांगण में 5 लाख रुपये टीन शेड निर्माण हेतु एवं आमापारा में विभिन्न स्थानों में सीमेंट क्रांकीट सड़क एवं नाली निर्माण हेतु लगभग 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृति हुई है, जिसका कार्य जल्द ही प्रारम्भ किया जाएगा। वहीं जिसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं विकास की गति को बढ़ाने में हम सभी को इस बार होने वाले नगर पालिका चुनाव में भाजपा का अध्यक्ष एवं वार्डों में भाजपा के पार्षदों को जिताना है, यह जिम्मेदारी हम सबकी है।

कार्यक्रम का संचालन रविप्रकाश पांडेय ने किया। इस अवसर पर वार्ड के प्रमुख बीरसिंह साहू, प्रतिमा यादव, सुखवंतीन यादव, दुष्यंत मनहर, रत्तीराम यादव, अनिल यादव, रमेश यादव, राकेश साहू, गिरीश रात्रे, चंद्रभान साहू, पवन यादव, अरुण यादव, ललिता साहू सहित अनेक वार्ड वासी उपस्थित थे।

# शासकीय कालेज जामगांव आर ने चलाया पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगाँव आर



शासकीय कालेज जामगांव आर में प्राचार्य शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, भरर अपने आस–पास के समस्त पोषक शालाओं में जाकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लाभ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा महाविद्यालय में संचालित होने वाली समस्त संकाय एवं शासन द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए संपर्क कर प्रोत्साहित किया गया।

प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य है इनको दिशा देकर इनका और देश का भविष्य उज्ज्वल करना संवारना शिक्षितों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे हम सबको निभाना चाहिए। इस अभियान के अंतर्गत दिसबर माह के तृतीय सप्ताह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव (आर), स्वामी आत्मानंद अंगेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालय (सेजेस) जामगांव आर, स्वामी आत्मानंद अंगेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालय (सेजेस) बेल्हारी, में जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं, छात्रवृत्तियां संचालित विषय, एनएसएस., रेडक्रास, खेलकूद, स्मार्ट क्लास रूम लाइब्रेरी तथा महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी व्याख्यान, प्रजेन्टेशन एवं वीडियो के माध्यम से दिया गया एवं सभी विद्यार्थियों को शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया।

ग्राम कमरौद में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

# बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया : चमेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम कमरौद में बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम कमरौद की सरपंच चमेली खिलानंद पटेल ने बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान के प्रेरक संदेश के जरिए लोगों को मानवता का संदेश दिया, जो आज भी सभी के लिए प्रासंगिक है। कांग्रेस नेता व ग्रामीण प्रमुख खिलानंद पटेल ने कहा कि सतनामी समाज के गुरुजनों को अपने बीच पाकर गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने लोगों को बाबा गुरु घासीदास के उपदेश को धारण कर सत्यमार्ग पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुनाराम देशलहरे ने सभी सर्व समाज की प्रशंसा की, जिनके सहयोग से वृहद स्तर के सामाजिक कार्य को सफल बनाने में ग्रामीण जनों के योगदान एवं श्रमदान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रदेशाध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने राजा गुरु बालक दास के बताए सत्य मार्ग पर चलकर अच्छा नागरिक बनने, समाज का, गाँव का, राज्य का, देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के हर बच्चे को शिक्षित और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को मंथर लाल बघेल, गुरुदास कुर्रे एवं दारा साहू ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चमेली खिलानंद पटेल एवं अध्यक्षता कर रहे पुनाराम देशलहरे के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रमुख खिलानंद पटेल, दारा सिंह साहू, विश्राम साहू, मंथीर लाल बघेल, गुरुदास कुर्रे, राम प्रसाद हिरवानी, डॉ नरोत्तम साहू, राजेंद्र छेदहिया, बिसम्भर चतुर्वेदी, दिलेन्द्र गेंन्द्रे, गंगा देशलहरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डांस प्रतियोगिता में डीकेश्वरी प्रथम

दोपहर में बाल कलाकारों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डांस प्रतियोगिता में डीकेश्वरी प्रथम, मासूम चतुर्वेदी द्वितीय, काजल तृतीय, आयुष पंथी टीम चतुर्थ एवं सागर ने पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोपहर 3बजे के बाद शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शानदार आतिशबाजी की गई। इसी तरह पंथी पार्टी खोपली उतई के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रात में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा-रवेली जिला गरियाबंद वालों ने प्रस्तुति दी। समाज द्वारा लंगर व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन भागवत प्रसाद चतुर्वेदी व आभार प्रदर्शन राजेश चतुर्वेदी ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
21 फरवरी से 02 मार्च 2025, 07 मार्च से 16 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411